2 फरीदाबाद | 6 अभिमत | 9 देश-विदेश | 11 फीचर

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, रविवार, 11 फरवरी, 2024

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




'बढ़ते अपराध' का हौव्वा

पेज - 12


पायनियर

हरियाणा, रविवार, 11 फरवरी, 2024


# अग्रवाल कॉलेज के शूटरों ने लहराया परचम

## कॉलेज पहुंचने पर शिक्षकों ने शूटरों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय में चले 10 मीटर एयर पिस्टल व एयर राइफल की पुरुष व महिला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की शूटिंग टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की शूटर शिखा नरवाल बीए तृतीय वर्ष व कनिष्का डागर बीए प्रथम वर्ष की टीम ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया।

इस अवसर पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल महाविद्यालय के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट दिनेश गुप्ता, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव गुप्ता व स्पोर्ट्स कन्वीनर डॉ. केएल कौशिक ने शूटरों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल का भविष्य की कामना की। वहीं शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह ने सभी को बताया कि महाविद्यालय के तीन शूटरों का चयन खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जो गुवाहाटी में 21 से 29 फरवरी तक आयोजित होंगे। महाविद्यालय के शूटरों शुभम बैंसला, शिखा नरवाल व कनिष्का डागर का चयन हो गया है। इस मौके पर नंदकिशोर व पवन दलाल डीपी उपस्थित थे। सभी ने खेलो इंडिया में चयनित विद्यार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।